मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 20 मार्च 2020

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	21/03/20	22/03/20	23/03/20	24/03/20	25/03/20
वर्षा (मि.मी.)	0	0	2	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	35	34	33	34
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	21	22	23	23	22
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	1	5	5	7
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	46	52	47	44	42
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	10	16	18	20	22
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	15	10	11	8	10
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पूर्व	उत्तर–पूर्व	पश्चिम–उत्तर–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
		भण्डार गृह की मरमत करें दिवार व फर्श के टूटे होने पर सीमेन्ट या गोबर से लीप कर सही करें तथा पुरानी बोरियों को धूप में अच्छी तरह से सुखाएं।
ईसबगोल	कटाई	ईसबगोल की फसल पकाव अवस्था पर है पकी फसल की कटाई करें तथा सुरक्षित स्थान पर रखें।
जीरा	कढाई	जीरे की फसल को कटाई के बाद अच्छी तरह सुखा कर बीज की कढाई का कार्य करें।
टमाटर	पौध की रोपाई	ग्रीष्मकालीन टमाटर की तैयार पौध की रोपाई करें। रोपाई से पूर्व खेत में 60 कि.ग्रा. नत्रजन, 80 कि.ग्रा. फास्फोरस व 60 कि.ग्रा. पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय मिला दें। रोपाई के समय कतार से कतार की दूरी 60 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 30 से.मी. रखें।
कुष्माण्ड कुल की सब्जियां		अगेति बोई गई कुष्माण्ड कुल की सब्जियों में बुवाई के 25–30 दिन बाद 30 किलो ग्राम नत्रजन प्रति हैक्टर की दर से सिंचाई के साथ दें।

(नौडल ऑफीसर)